INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Question bank and Grammar	Topic- (मस्ती की पाठशाला)	Note: Please complete your work.

अभ्यास (*Exercises*)

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. कहाँ पर हँसी- ख़ुशी व धमा -चौकड़ी का माहौल था ?

सुंदर वन में   नंदन वन में   कानन वन में   मधुवन में

ख. किसके डर से सभी हँसना-गाना भूल गए ?

शेर के   परीक्षा के   माता-पिता के   भालू के

ग. परीक्षा का बहिष्कार सबसे पहले किसने किया ?

मधुमक्खी ने   चूहे ने   बंदर ने   हाथी ने

Ans= क. कानन वन में   ख. परीक्षा के   ग. मधुमक्खी ने

2. किसने कहा? किससे कहा ? (*who said to whom?)*

	किसने कहा ?	किससे कहा ?
क. " एक साल हो गया है। अब तुम्हारी परीक्षा होगी।"	भालू ने	सभी पशु-पक्षियों से कहा
ख. "परीक्षा ! यह क्या होती है ?"	मेंढ़क ने	भालू से कहा
ग. "परीक्षा यही मैदान में होगी।"	भालू ने	सभी पशु-पक्षियों से कहा
घ. "मैं इस परीक्षा का बहिष्कार करती हूँ।"	मधुमक्खी ने	भालू से कहा

3. सही (√) गलत (X) बताइए |

1. कानन वन में दुःख व उदासी का माहौल था | (X)
2. कानन वन में हँसी-ख़ुशी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान हो जाते थे | (√)
3. मस्ती की पाठशाला मुम्बई में खुली| (X)
4. भालू मस्ती की पाठशाला का अध्यापक था | (√)
5. हाथी मस्ती की पाठशाला का प्रिंसिपल था | (X)
6. जंगल के सभी जानवर पाठशाला में ख़ुशी से जाते थे | (√)
7. भालू ने परीक्षा की घोषणा की | (√)
8. परीक्षा का नाम सुनकर सभी खुश हो गए | (X)

व्याकरण (Grammar)

1 . लिंग बदलिए |

i) माता = पिता
ii) बंदर = बंदरिया
iii) अध्यापक = अध्यापिका
iv) राजा = रानी
v) दादा = दादी
vi) मोर = मोरनी

2. संज्ञा शब्द रेखांकित कीजिए | (उत्तर)

क. राघव पुस्तक पढ़ रहा है | राघव, पुस्तक
ख. बुर्ज खलीफ़ा एक बड़ी इमारत है | बुर्ज खलीफ़ा, इमारत
ग. ताजमहल की सुंदरता देखते ही बनती है | ताजमहल, सुंदरता
घ. अध्यापक कुर्सी पर बैठे हैं | अध्यापक, कुर्सी
ङ आज बहुत गरमी हैं | गरमी

3. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए | (उत्तर)

क. मोहन ने नया खिलौना खरीदा | नया
ख. शालू ईमानदार लड़की है | ईमानदार
ग. बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं | रंग-बिरंगे
घ. वह ताज़ी सब्जियाँ लाया है | ताज़ी
ङ मेरी कक्षा में चालीस विद्यार्थी हैं | चालीस

प्रश्नोत्तर

क .कानन वन के आस-पास के वनवासी हैरान क्यों थे?

उत्तर -कानन वन में हँसी-ख़ुशी और धमाचौकड़ी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान थे |

ख .मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला कैसे बन गई?

उत्तर -परीक्षा का नाम सुनकर मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला बन गई |

ग .परीक्षा में भालू ने पशु - पक्षियों को क्या - क्या करने को कहा?

उत्तर -परीक्षा में भालू ने पशु-पक्षियों को कई कार्य करने को कहे ;जैसे - दीवार और पेड़ पर चढ़ना, सौ तक गिनती पूरी होने से पहले मैदान के चार चक्कर लगाना तथा मैदान से बड़ा पत्थर हटाना आदि |

घ .परीक्षा का परिणाम क्या हुआ?

उत्तर -सभी पशु-पक्षियों ने परीक्षा का विरोध और बहिष्कार किया जिसका परिणाम यह निकला कि कानन वन का स्कूल बंद हो गया | अब कोई स्कूल नहीं जाता था | अब सब प्रकृति से सीखने लगे और अपने अनुभवों से सीखने लगे |

ड .सबने परीक्षा का बहिष्कार क्यों किया?

उत्तर - परीक्षा में गैर-बराबरी की भावना विकसित होने के कारण सबने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया |

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺